भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 161

02 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

औषधीय पादपों का निर्यात और मोबाइल एप्लिकेशन "ई-चरक 2.0" की स्थिति

161. श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2025-26 के दौरान एचएस-कोड 1211 के अंतर्गत औषधीय पादपों का कुल निर्यात मूल्य कितना है और इन उत्पादों का आयात करने वाले प्रमुख देश कौन-कौन से हैं;

(ख) औषधीय पादपों के व्यापार हेतु डिजिटल प्लेटफॉर्म और मोबाइल एप्लिकेशन "ई-चरक 2.0" की किसानों, उद्योगों और अन्य हितधारकों के बीच पहुँच और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) आयुष चिकित्सा पद्धतियों की कार्यनीतिक पहुँच को सुदृढ़ करने और औषधीय पादपों के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए विशेष निर्यात क्षेत्र और अतिरिक्त क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने की क्या संभावना है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): एनएमपीबी में औषधीय पादपों के निर्यात का डेटा नहीं रखा जाता है। तथापि, https://tradestat.commerce.gov.in पर उपलब्ध डेटा के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 (अप्रैल – अगस्त 2025) के दौरान, एचएस-कोड 1211 (सुगंध/औषध/कीटनाशी अथवा समान प्रयोजनों के लिए कटे/कुचले/बिना कटे/बिना कुचले ताजे/सूखे/ठंडे/जमे हुए बीजों और फलों के साथ पादप अथवा पादपों के टुकड़े) के चैप्टर 12 के तहत दर्ज औषधीय पादपों के व्यापार का मूल्य 1855.72 (करोड़ रुपए) है। विवरण **संलग्नक-I** में दिए गए हैं।

क्र.सं.	एचएस कोड	वस्तु	26-2025 (अप्रैल-अगस्त 25) (करोड़ रुपए में)
1	1211	सुगंध/औषध/कीटनाशी अथवा समान प्रयोजनों के लिए कटे/कुचले/बिना कटे/बिना कुचले ताजे/सूखे/ठंडे/जमे हुए बीजों और फलों के साथ पादप अथवा पादपों के टुकड़े	1855.72

https://tradestat.commerce.gov.in पर उपलब्ध डेटा के अनुसार, इन उत्पादों का आयात करने वाले प्रमुख देश निम्नानुसार हैं: अमेरिका, जर्मनी, इटली, यूएई, चीन पीपुल्स रिपब्लिक, फ्रांस, वियतनाम, ब्रिटेन, रूस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, कोरिया रिपब्लिक, स्पेन, जापान।

(ख): किसानों, उद्योगों और अन्य हितधारकों को औषधीय पादपों के व्यापार के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने और आसान बाजार पहुंच प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी), आयुष मंत्रालय ने औषधीय पादपों/जड़ी-बूटियों के प्रचार और विपणन के लिए "ई-चरक" मोबाइल एप्लिकेशन के साथ-साथ वेब पोर्टल भी शुरू किया है।

इसके अलावा, डिजिटल प्लेटफॉर्म और मोबाइल ऐप "ईचरक 2.0" की कार्यात्मकता बढ़ाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:-

(i) उन्नत प्रोद्योगिकी का उपयोग करके वर्तमान एप्लिकेशन को नया रूप देना।
(ii) औषधीय पादपों को बिक्री हेतु सूचीबद्ध करने में उपयोगकर्ताओं को सक्षम बनाने के लिए उन्नत सुरक्षा प्रणाली।
(iii) बहुभाषी पहुँच।
(iv) आसान पहुँच के लिए संवाद परक उपयोगकर्ता गाइड।
(v) सहायता हेतु चैटबॉट।

ज्ञान संसाधन, बाजार मूल्य, पोस्ट एन आइटम, एमएपी हितधारकों की निर्देशिका ई-चरक के क्रियात्मक मॉड्यूल हैं, जो सभी हितधारकों को औषधीय पादपों की कृषि तकनीक, औषधीय पादपों के बाजार मूल्य (वस्तु-वार, बाजार-वार और मूल्य-वार) तक पहुंचने में मदद करते हैं।

(ग): विशेष निर्यात क्षेत्र स्थापित करने का ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। तथापि, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय पूरे देश में औषधीय पादपों के संरक्षण, विकास एवं सतत प्रबंधन की एक केंद्रीय क्षेत्र योजना लागू कर रहा है। इस योजना का उद्देश्य निम्नलिखित गतिविधियों के लिए परियोजना-आधारित सहायता प्रदान करना हैः

(i) *स्व-स्थाने* संरक्षण/बाह्य–*स्थाने* संरक्षण।
(ii) संयुक्त वन प्रबंधन समितियों (जेएफएमसी)/पंचायतों/वन पंचायतों/जैव विविधता प्रबंधन समितियों (बीएमसी)/स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के साथ आजीविका संबंध।
(iii) नर्सरियों और हर्बल गार्डन की स्थापना।
(iv) अनुसंधान एवं विकास।
(v) औषधीय पादपों के उत्पादों का संवर्धन, विपणन और व्यापार।
(vi) सूचना शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियां जैसे प्रशिक्षण/कार्यशालाएँ/सेमिनार/सम्मेलन आदि।
(vii) औषधीय पादपों की आपूर्ति श्रृंखला में अगली और पिछली कड़ी (एकीकृत घटक)।

*****

संलग्नक-I

TradeStat->Eidb->Export->Commodity-wise-all-countries

दिनांक 26/11/2025 को रिपोर्ट तैयार की गई - मूल्य करोड़ रुपए में|

क्र.सं.	देश/क्षेत्र	2024-2025	2025-2026 (अप्रैल-अगस्त)
1	अमेरिका	1,414.27	604.62
2	जर्मनी	608.09	290.56
3	इटली	339.12	155.22
4	संयुक्त अरब अमीरात	155.34	65.51
6	चीन पीपुल्स रिपब्लिक	190.48	63.12
7	फ्रांस	134.03	57.82
8	वियतनाम सोशलिस्ट रिपब्लिक	63.84	56.51
9	ब्रिटेन	133.68	47.37
10	रूस	79.68	36.55
11	कनाडा	84.98	34.08
12	ऑस्ट्रेलिया	74.87	31.73
13	नीदरलैंड	73.65	31.21
14	कोरिया रिपब्लिक	72.32	31.10
15	स्पेन	60.24	29.66
16	जापान	64.83	25.59
17	बांग्लादेश पीपुल्स रिपब्लिक	134.88	20.83
18	सऊदी अरब	47.83	17.82
19	थाईलैंड	53.48	17.78
20	मोरक्को	17.66	17.31
21	मेक्सिको	72.47	15.99
22	फिलिपींस	32.14	15.57
23	ब्राज़ील	54.32	15.42
24	स्वीडन	46.01	13.54
25	श्रीलंका डेमोक्रे. सोश.रिपब्लिक	19.64	11.47
26	मलेशिया	30.87	11.37
27	आयरलैंड	36.18	11.18
28	कुवैत	18.08	8.78
29	इंडोनेशिया	33.55	8.47
30	नेपाल	11.54	8.09
31	ताइवान	11.65	7.84
32	पोलैंड	19.54	6.79
33	मिस्र अरब रिपब्लिक	18.18	4.94
34	टर्की	14.01	4.52
35	कोलंबिया	11.23	3.70
36	डेनमार्क	10.95	3.44
37	दक्षिण अफ्रीका	14.78	3.38
38	बेल्जियम	43.92	3.34

39	ईरान	25.16	3.34
40	फिनलैंड	8.40	3.04
41	कतर	6.24	3.04
42	ग्वाटेमाला	9.79	2.94
43	रोमानिया	4.93	2.72
44	अल्जीरिया	5.73	2.66
45	न्यूज़ीलैंड	7.48	2.62
46	ऑस्ट्रिया	12.39	2.40
47	इक्वाडोर	4.49	2.21
48	इराक	5.77	2.02
49	कोस्टा रिका	3.97	1.97
50	ग्रीस	1.41	1.70
51	म्यांमार	3.04	1.66
52	क्रोएशिया	1.19	1.58
53	जॉर्डन	4.34	1.52
54	स्लोवेनिया	5.71	1.49
55	लिथुआनिया	4.68	1.44
56	अर्जेंटीना	6.49	1.42
57	चिली	3.36	1.42
58	स्विट्ज़रलैंड	1.60	1.40
59	सिंगापुर	5.84	1.16
60	यमन गणराज्य	1.27	1.11
61	चेक रिपब्लिक	5.78	1.10
62	इज़राइल	6.84	1.09
63	पेरू	3.06	0.93
64	लीबिया	2.52	0.91
65	बुल्गारिया	2.99	0.90
66	अनिर्दिष्ट		0.80
67	नाइजीरिया	1.04	0.76
68	मॉरीशस	1.71	0.73
69	अल साल्वाडोर	0.47	0.67
70	ट्यूनीशिया	0.63	0.65
71	हंगरी	2.15	0.63
72	ओमान	1.66	0.59
73	सूरीनाम	0.19	0.53
74	उज़्बेकिस्तान	2.97	0.51
75	त्रिनिदाद	0.61	0.50
76	तंजानिया रिपब्लिक	0.86	0.49
77	घाना	0.21	0.48
78	लातविया	2.31	0.46
79	सर्बिया	0.56	0.44

80	उरुग्वे	0.73	0.43
81	केन्या	0.75	0.42
82	बहरीन द्वीप	1.46	0.34
83	हांगकांग	2.93	0.32
84	सीरिया		0.32
85	बेलारूस		0.30
86	एस्टोनिया	1.50	0.27
87	डोमिनिक रिपब्लिक	0.90	0.26
88	लाइबेरिया	0.00	0.22
89	यूक्रेन	0.37	0.22
90	वेनेज़ुएला	0.70	0.20
91	जॉर्जिया	0.35	0.17
92	कजाखस्तान	0.85	0.17
93	पैराग्वे	0.01	0.16
94	पुर्तगाल	0.80	0.16
95	सोमालिया	0.32	0.14
96	लेबनान	0.92	0.13
97	मालदीव	0.34	0.12
98	मंगोलिया	0.11	0.11
99	रीयूनियन	0.10	0.10
100	पनामा गणराज्य	0.06	0.09
101	अंगोला	0.06	0.08
102	फिजी द्वीप	0.15	0.08
103	जमैका	0.07	0.08
104	मोंटेनेग्रो	0.09	0.08
105	होंडुरास	0.10	0.06
106	पापुआ न्यू गिनी	0.11	0.05
107	प्यूर्टो रिको		0.05
108	सेरा लिओन	0.00	0.05
109	मोल्डोवा	0.07	0.04
110	नॉर्वे	0.01	0.04
111	भूटान	0.04	0.03
112	एंटीगुआ		0.02
113	अज़रबैजान	0.08	0.02
114	ब्रुनेई	0.08	0.02
115	ज़िबूती		0.02
116	गुयाना	0.04	0.02
117	मॉरिटानिया		0.02
118	सेनेगल	0.00	0.02
119	स्लोवाक रिपब्लिक	0.87	0.02
120	कोटे डी-आइवर	0.00	0.01

121	साइप्रस	0.02	0.01
122	मोज़ाम्बिक	0.03	0.01
123	नीदरलैंड आंटिल	0.04	0.01
124	सोलोमन द्वीप		0.01
125	अफगानिस्तान	9.38	0.00
126	अमेरी समोआ		0.00
127	बाहमास	0.00	0.00
128	बोत्सवाना	0.12	0.00
129	कंबोडिया	0.00	0.00
130	कैमरून	0.00	0.00
131	केमैन आईएस	0.00	0.00
132	कांगो डेमोक्रेटिक रिपब्लिक	0.00	0.00
133	कांगो पीपुल्स रिपब्लिक		0.00
134	इथियोपिया		0.00
135	गुआडेलूप		0.00
136	माल्टा	0.00	0.00
137	मोंटेसेराट	0.00	0.00
138	सेशल्स	0.01	0.00
139	टोगो	0.06	0.00
140	युगांडा	0.03	0.00
141	जाम्बिया	0.04	0.00
142	अल्बानिया	0.07	
143	आर्मीनिया	0.00	
144	बारबाडोस	0.00	
145	बेनिन	0.00	
146	बोलीविया	0.05	
147	बोस्निया-हर्जगोविन	0.07	
148	डोमिनिका	0.00	
149	गाम्बिया	0.00	
150	ग्रेनेडा	0.00	
151	गिनी	0.14	
152	किरिबाती रिपब्लिक	0.01	
153	लक्ज़मबर्ग	0.00	
154	मेडागास्कर	0.01	
155	मार्टीनिक	0.05	
156	निकारागुआ	0.10	
157	पाकिस्तान इस्लामी गणराज्य	11.10	
158	समोआ	0.00	
159	एसटी लूसिया	0.01	
160	सूडान	0.01	
	कुल	**4508.54**	**1855.72**